तापमान
अधिकतम 35.0 डिग्री
न्यूनतम 27.0 डिग्री

हरिभूमि
# सोनीपत भूमि

रोहतक, सोमवार 29 सितंबर 2025

12 चार घंटों तक बाधित रही बिजली आपूर्ति, लोगों को हुई परेशानी



12 मनोहर लाल ने 'राष्ट्रमंदिर कामयाब संस्थान' का किया शिलान्यास



# देवेंद्र कादियान की संस्था 'देवा सोशल डेवलपमेंट सोसायटी' ने 216 मेधावी छात्रों को स्कूटी, टैब और साइकिल देकर सम्मानित किया




- विधायक देवेंद्र कादियान ने गन्नौर के विकास के लिए रखी बड़ी मांग अंतरराष्ट्रीय बागवानी मंडी के लिए बाईपास निर्माण की अपील

- गन्नौर का युवा सम्मान समारोह: शिक्षा से भविष्य संवारने का संदेश सांस्कृतिक कार्यक्रमों से सजा समारोह, युवाओं में दिखा जोश और उत्साह

- युवा शक्ति को सम्मान, गन्नौर का गौरव बढ़ाया देवेंद्र कादियान ने कहा- बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए हर संभव प्रयास करेंगे

गन्नौर। शिक्षा के क्षेत्र में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले कुल 216 मेधावी छात्रों को शनिवार को बीएसटी ग्राउंड में आयोजित छठे एवं सातवें युवा सम्मान समारोह में सम्मानित किया गया। इस भव्य समारोह के मुख्य अतिथि पूर्व मुख्यमंत्री एवं केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर थे, जिन्होंने 21 होनहार छात्राओं को स्कूटी, 85 छात्रों को टैबलेट और 110 को साइकिल देकर पुरस्कृत किया।

कार्यक्रम का आयोजन देवा सोशल डेवलपमेंट सोसायटी की ओर से किया गया था, जिसमें भारी संख्या में विद्यार्थी, अभिभावक और गणमान्य नागरिक शामिल हुए। समारोह की सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने पूरे कार्यक्रम को जीवंत बना दिया। 'मैं मनोहर लाल बोल रहा हूं' गीत पर छात्रों ने जबरदस्त प्रस्तुति दी, जिसे सुनकर केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर भी गदगद हो गए।

इतना ही नहीं, खट्टर दौड़कर मेधावियों के बीच पहुंचे और स्कूटी पर बैठकर फोटो खिंचवाई।

कार्यक्रम की अध्यक्षता विधायक एवं सोसायटी के संस्थापक देवेंद्र कादियान ने की। उन्होंने मंच से कहा, हमारा लक्ष्य समाज के हर वर्ग तक शिक्षा, स्वास्थ्य और स्वच्छता के बेहतर अवसर पहुंचाना है। हम गन्नौर में विकास की नई इबारत लिख रहे हैं।



इसके लिए मेहनत, लगन और ईमानदारी की जरूरत है। युवा यदि इन तीनों गुणों को अपनाएंगे तो निश्चय ही सफलता उनके कदम चूमेगी। शिक्षा से ही व्यक्ति का भविष्य संवरता है और हम बच्चों को अच्छे संस्कार एवं ज्ञान देने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

विधायक कादियान ने आगे कहा, गन्नौर को एक बड़े हब के रूप में विकसित करने के लिए हमने केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर से अनुरोध किया है कि अंतरराष्ट्रीय बागवानी मंडी को नेशनल हाईवे से जोड़ने के लिए एक छोटा बाईपास बनाया जाए। इससे न केवल मंडी तक पहुंच आसान होगी, बल्कि व्यापार और आर्थिक गतिविधियों को भी मजबूती मिलेगी। हमारा प्रयास है कि गन्नौर में ऐसी परियोजनाएं शुरू हों जो युवाओं के लिए रोजगार के अवसर पैदा करें और क्षेत्र का विकास हो।



मुख्य अतिथि मनोहर लाल खट्टर ने कहा, हमारी सरकार ने योग्यता और क्षमता के आधार पर नौकरियां दी हैं। अब युवाओं को नौकरी पाने के लिए माता-पिता की जमीन या जेवर बेचने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। गन्नौर-बड़ौत और गोहाना-गन्नौर के बीच नेशनल हाईवे निर्माण की योजना प्रगति पर है, जो क्षेत्र की अर्थव्यवस्था को नई ऊंचाई देगी। उन्होंने बताया कि दिल्ली से करनाल तक रेपिड ट्रेन, आईआईटी, रेल फैक्ट्री और आईएमटी जैसे बड़े प्रोजेक्ट्स युवाओं के उज्जवल भविष्य के लिए कार्य कर रहे हैं।



**स्कूटी प्राप्त करने वाले छात्राओं के नाम:**
अदिति, माही, नेहा, दिव्यांशी, अंजली, खुशी, कोमल, हिमांशी, श्रुति, आंचल, लक्की, प्राची, दिपानकित पाहुजा, तनवी, इशिका, काश्वी, प्रीति, महिमा, कशिश, प्रियंका, नैंसी।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'स्वदेशी अपनाओ' अभियान से भारत की वैश्विक स्थिति मजबूत हो रही है। भारत वर्तमान में दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है और 2027 तक तीसरे स्थान पर पहुंचने का लक्ष्य है।

समारोह में भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली, राई से विधायक कृष्णा गहलावत, सोनीपत से विधायक निखिल मदान, जिलाध्यक्ष अशोक भारद्वाज, मेयर राजीव जैन, अभिमन्यु यादव, उपायुक्त सुशील सारवान समेत कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

(विज्ञापन)

## खबर संक्षेप



सोनीपत। तांत्रिक विधि के बाद दीये एवं अन्य सामग्री।

### अंधविश्वास के नाम पर ठगी का खेल जारी

**सोनीपत।** गांव ठरू में अंधविश्वास के नाम पर खुलेआम ठगी का खेल जारी है। यहां तांत्रिक इलाज और क्रिया के नाम पर लोगों से 2100 से लेकर एक लाख रुपये तक वसूल रहे हैं। गरीब तबके के लोग इनकी मैजिक ट्रिक्स और झूठे दावों के शिकार हो रहे हैं। तांत्रिक पूजा-पाठ से लेकर बलि देने की सलाह तक देने से नहीं चूकते। ग्रामीणों का कहना है कि एक्ट 1954 के तहत ऐसा कार्य प्रतिबंधित है और पुलिस बगैर वारंट कार्रवाई कर सकती है। बावजूद इसके पुलिस ने अब तक कोई कदम नहीं उठाया। ग्रामीणों का आरोप है कि पुलिस की लापरवाही से तांत्रिकों की संख्या लगातार बढ़ रही है।

### गोहानाः गांव रुखी से ग्रामीण लापता

**गोहाना।** गांव रुखी से ग्रामीण लापता हो गया। पत्नी की शिकायत पर बरोदा थाना में केस दर्ज किया गया। प्रीति ने पुलिस को बताया कि उसके पति सतीश सेना से सेवानिवृत्त होने के बाद घर पर रहते हैं। वे 25 सितंबर को दोपहर के समय बिना किसी को बताए घर से कहीं चले गए। इसके बाद वापस नहीं आए। स्वजन ने उनकी तलाश की लेकिन सुराग नहीं लगा।

### अवैध हथियार सहित किया गिरफ्तार

**बहादुरगढ़।** पुलिस की अपराध जांच शाखा-2 ने अवैध हथियार सहित एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान गौरव के रूप में हुई है। गौरव मूलतः भिवानी से है और फिलहाल गुरुग्राम रहता है। उसे यहां डॉ. भीमराव अंबेडकर स्टेडियम के गेट के पास से गुप्त सूचना के आधार पर काबू किया गया। आरोपी के खिलाफ सिटी थाने में केस दर्ज किया गया है। उससे एक देसी पिस्तौल व एक कारतूस बरामद हुआ है।

## खरखौदाः 1100 महिलाओं ने उठाया कलश



**खरखौदा।** धार्मिक एवं सामाजिक कार्यों को समर्पित ठाकुर जी की रसोई द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ भव्य कलश यात्रा के साथ हुआ। जिसमें 1100 महिलाओं ने कलश उठाकर शहर की परिक्रमा की। बड़ी संख्या में भक्त कलश यात्रा में शामिल हुए। यात्रा का शुभारंभ विधायक पवन खरखौदा ने किया। शहर में जगह-जगह श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा और स्वागत द्वार बनाकर कलश यात्रा का स्वागत किया। पूरे मार्ग में हरे कृष्ण, हरे राम के जयघोष से भक्ति का वातावरण गूंज उठा। आयोजन में गरीब कल्याण संस्था संरक्षक शक्ति ठेकेदार, एक लक्ष्य केवल सेवा से धम्मल फौजी सहित अनेक सामाजिक संगठनों ने सहभागिता की। कार्यक्रम के अंतर्गत कथा व्यास श्रील भक्ति प्रसाद विष्णु गोस्वामी महाराज द्वारा 28 सितम्बर से 5 अक्टूबर तक प्रतिदिन दोपहर बाद जय नारायण धर्मशाला में श्रीमद् भागवत कथा का रसपान कराया जाएगा।

# सुन्दरकाण्ड का पाठ, हरिनाम संकीर्तन और श्री रामकथा में जमकर झूमे श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत



सोनीपत। रविवा को कार्यक्रम के दौरान उपस्थित श्रद्धालुगण साथ में आयोजन समिति के पदाधिकारी। फोटोः हरिभूमि

दशहरे के पावन अवसर पर श्री राम परिवार द्वारा श्री पवनपुत्र सेवा समिति, सोनीपत के माध्यम से श्री सनातन धर्म सभा दुर्गा मंदिर, सोनीपत में भव्य धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर श्री सुन्दरकाण्ड का पाठ, हरिनाम संकीर्तन एवं श्री रामकथा का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का आयोजन विशेष रूप से दशहरे पर हनुमान का स्वरूप धारण करने के लिए अपने व्रत पर बैठे श्री राम परिवार के सदस्यों की श्रद्धा और आस्था को समर्पित रहा। ओमप्रकाश अरोड़ा ने श्रीरामचरितमानस के लंका काण्ड का वर्णन करते हुए बताया कि किस प्रकार अंगद, श्रीराम के दूत बनकर रावण के दरबार में गए और उसे श्रीराम की शरण में आने का संदेश दिया। लेकिन रावण ने अहंकारवश इसे अस्वीकार कर दिया और शांति के सभी प्रयास विफल हो गए। इसके बाद धर्म और अधर्म के बीच भयंकर युद्ध का आरंभ हुआ।

इस कार्यक्रम में पवन सहगल, श्याम रहेजा, सुरजकांत, ललित बत्रा, चन्द्रकांत, मोती राम, जतिन, महेश पांडे, दिनेश अरोड़ा, राजन मनचंदा, मनोज, जतिन, अमित, महेश तनेजा सहित अनेक श्रद्धालु मौजूद रहे।

### लववंसिय खत्री खाप के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेंद्र ने लोगों का जताया आभार

# समाज में तेजी से फैल रही कुरीतियों को जड़ से समाप्त करने का संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गन्नौर






गन्नौर। सर्वजातीय सर्वखाप पंचायत महासम्मेलन में संबधित मुद्दों को आगे बढ़ाने के लिए मोबाईल नम्बर जारी करते व महासम्मेलन में उमड़ा जनसमूह।

गन्नौर के चिराग गार्डन में रविवार को सर्वजातीय सर्वखाप पंचायत महासम्मेलन का आयोजन किया गया। ऐतिहासिक महासम्मेलन की अध्यक्षता लववंसिय लौर खत्री खाप के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेंद्र खत्री ने की। कार्यक्रम में स्वामी दयानंद सरस्वती मुरथल के अलावा हरियाणा, दिल्ली, पंजाब, उतरप्रदेश व अन्य प्रदेशों के हजारों लोगों ने भाग लिया और समाज में तेजी से फैल रही कुरीतियों को जड़ से समाप्त करने का संकल्प लिया। महासम्मेलन की शुरुआत पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ हुई, जिसके बाद पंचायत में उपस्थित वरिष्ठ नेताओं, खाप प्रतिनिधियों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने समाज में व्याप्त विभिन्न समस्याओं पर खुलकर विचार रखे। पंचायत में खासतौर पर सम गोत्र विवाह, समलैंगिक विवाह और अन्य सामाजिक कुरीतियों पर चिंता व्यक्त की गई। लववंशीय लौर खत्री खाप के राष्ट्रीय महासचिव राजकुमार लौर ने कहा कि आज के आधुनिक युग में जहां शिक्षा और जागरूकता बढ़ रही है, वहीं कुछ ऐसी प्रवृत्तियां जन्म ले रही हैं, जो समाज की जड़ों को कमजोर करने का काम कर रही हैं। अखिल भारतीय लववंशीय लौर खत्री खाप के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेन्द्र खत्री ने कहा कि खाप पंचायतें हमेशा से सामाजिक अनुशासन और परंपराओं की रक्षा करती आई हैं। उन्होंने कहा, गसम गोत्र विवाह हमारी परंपरा के विपरीत है और यह आने वाली पीढ़ियों के लिए गंभीर सामाजिक व जैविक समस्याओं का कारण बन सकता है। इसी तरह समलैंगिक विवाह भी हमारी संस्कृति और सामाजिक ढांचे पर गहरा आघात करता है। हमें इन कुरीतियों के खिलाफ एकजुट होकर खड़ा होना होगा। महासम्मेलन में कई अन्य खाप प्रतिनिधियों ने भी अपने विचार रखे। सुरेन्द्र खत्री ने युवाओं को शिक्षा, रोजगार और नशामुक्ति की ओर प्रेरित करने पर जोर दिया गया। निर्मला रोहतक ने कहा कि समाज की असली शक्ति महिलाएं हैं, और यदि महिलाएं ठान लें तो हर कुरीति का खात्मा संभव है। उन्होंने बेटियों की शिक्षा पर विशेष जोर देते हुए कहा कि शिक्षित समाज ही जागरूक समाज बन सकता है।

#### सर्वखाप सम्मेलन में लिया ये निर्णय

*सम्मेलन में सभी खाप प्रतिनिधियों ने निर्णय लिया कि सबसे हमें हमें लोगों को जागरूक करने की जरूरत है। इसके लिए मोबाईल नम्बर जारी कर दिया है और सभी प्रदेशों के युवाओं की कमेटी का गठन किया जाएगा। कमेटी सब डिविजन स्तर से लेकर जिला स्तर व प्रदेश स्तर पर लोगों को जागरूक करने का काम करेगी। जागरूकता के बाद सरकार से मांग की जाएगी। सरकार को भी मजबूर होकर उनकी बात माननी पड़ेगी।*

#### इनका संकल्प

सुरेंद्र खत्री ने कहा कि सम्मेलन में लिव-इन रिलेशन जैसी व अन्य सामाजिक कुरितियों को समाज से समाप्त करने बारे, समगोत्र गांव व गुहांड में शादी न करने बारे, मां-बाप की सहमति के बिना और अगर मां-बाप ना हो तो नजदीकी रिश्तेदार जैसे चाचा, ताऊ, मामा, फूफा होने पर उनकी सहमति के बिना कोर्ट मैरिज व साधारण शादी को मान्यता ना देने बारे, समलैंगिक विवाह जैसी बुराई को समाप्त करने बारे व समाज को नशा मुक्त करने के लिए जागरूक करना ,सामाजिक, पारिवारिक समरसता स्वदेशी दृढ़ता आत्मनिर्भर ग्रामीण भारत का निर्माण के निर्णय लिए गए है।



खरखौदा। पौधे वितरित करते संस्था के पदाधिकारी

# नवरात्रों में रखा 81 पौधे वितरित करने का लक्ष्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खरखौदा

■ पौधरोपण अभियान दुर्गा रामनवमी के अवसर पर संपन्न होगा


एसकेएसआरओ सोसाइटी- एक प्रयास समानता का द्वारा चलाए जा रहे 18 वें पौधारोपण अभियान का सातवां दिन रविवार को सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस अवसर पर संस्था ने पौधे लगाओ, पौधे बचाओ के तहत मां-बेटी को 9 पौधे भेंट किए। संस्था ने प्रतिदिन 9 पौधे वितरित करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। नवरात्रों के दौरान कुल 81 पौधों का वितरण किया जाएगा। वितरित किए गए पौधों में तुलसी, हरसिंगार, आंवला, अमरूद, आम, जामुन और अर्जुन के पौधे शामिल रहे। बच्चों और महिलाओं को भी पौधारोपण एवं पर्यावरण संरक्षण के महत्व के बारे में जागरूक किया गया। अभियान का शुभारंभ पहले दिन डॉ. रविंद्र सिंह अहलावत ने पौधारोपण एवं पूर्व लगाए गए पौधों की निराई-गुड़ाई कर किया था। उन्होंने संदेश दिया कि पौधे लगाने से अधिक आवश्यक उन्हें सुरक्षित रखना है। वहीं, महंत अशोक कुमार (माता वैष्णो देवी मंदिर, सिलाना) ने कहा कि एसकेएसआरओ संस्था और मंदिर प्रबंधन मिलकर सामाजिक कार्यक्रमों के साथ-साथ शिक्षा और पर्यावरण के क्षेत्र में भी नागरिकों को जागरूक कर रहे हैं।

संस्था के प्रधान राजेश अहलावत ने बताया कि यह पौधरोपण अभियान आगामी 1 नवंबर, दुर्गा रामनवमी के अवसर पर संपन्न होगा। कार्यक्रम में संस्था के कार्यकर्ता राजेश अहलावत, नवीन अहलावत, समुद्र बडगूजर, रणजीत सिंह, मनीष सिंहमार, मुकेश भोला, अनिल राठी, कमल किशोर, सतबीर गिरोह, आजाद सिंह, मनोज कुमार मेहरा व धर्मवीर ग्रोवर मौजूद रहे।

# सागर का ग्रामीणों ने किया सम्मान

■ नाहरी के सागर ने 17वीं वर्ल्ड वुशु चैंपियनशिप में जीता पदक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राई




राई। 56 किलो भारवर्ग में शानदार प्रदर्शन कर ब्राजीलिया से कांस्य पदक जीता।

गांव नाहरी निवासी सागर दहिया ने 17वीं वर्ल्ड वुशु चैंपियनशिप में 56 किलो भारवर्ग में शानदार प्रदर्शन कर ब्राजीलिया (ब्राजील) से कांस्य पदक जीतकर आने पर स्वागत किया गया। सागर दहिया के स्वागत फूलमालाओं, ढोल-नगाड़ों और देशभक्ति नारों के साथ किया गया। मास्टर सुरेन्द्र ने मंच संचालन किया और सागर दहिया के खेल जीवन पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि सागर ने कठिन परिश्रम और अनुशासन से यह उपलब्धि हासिल की है। सागर दहिया के दादा ओमप्रकाश, पिता राजेश दहिया, माता अन्नू, भाई उज्जवल दहिया और विजय दहिया विशेष रूप से मौजूद रहे। परिवारजनों ने कहा कि सागर की इस सफलता से न केवल परिवार बल्कि गांव और जिले को गर्व हुआ है। विभिन्न संगठनों और संस्थाओं की ओर से सागर को स्मृति चिन्ह, शॉल और पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में जिला ओलंपिक संघ के पदाधिकारी, आईटीबीपी के अधिकारी, सामाजिक कार्यकर्ता, शिक्षाविद् और पंचायत प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे। समाजसेवी सुभाष दहिया, डॉ. सतीश, विजयपाल दहिया, अजय दहिया, विनोद कुमार, जीतेंद्र , गोविंद दहिया, शंकर रानी, पंचायत सदस्य सुरेन्द्र पूनिया और नरेश नंबरदार सहित गणमान्य व्यक्तियों ने मंच साझा किया।



## पहलादपुर किढौली में लगाए गए शिविर में 81 ने किया रक्तदान

**खरखौदा।** पहलादपुर किढ़ौली गांव में भगत सिंह ग्रुप व ग्रामवासियों ने शहीद-ए-आजम भगत सिंह की 118 वीं जयंती को बड़े उत्साह व श्रद्धा के साथ मनाया। इस अवसर पर रविवार को हवन और रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ हवन के साथ हुआ, जिसमें आचार्य प्रदीप व बरोणा गुरुकुल के ब्रह्मचारियों ने मंत्रोच्चारण किया। रक्तदान शिविर में 81 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। रक्तदान करने वालों में राजेश, राहुल, लक्ष्य, संदीप मास्टर, बिट्टू, जसबीर, मोहित, सागर, सुनीता, रितेश, ऋग्वेदिता सहित अनेक युवाओं ने योगदान दिया। इस मौके पर आयोजक रविंद्र दहिया ने कहा कि रक्तदान को महादान कहा गया है और शहीदों की जयंती पर किया गया यह कार्य समाज के लिए प्रेरणादायक है। उन्होंने सभी रक्तदाताओं व ग्रामवासियों का आभार जताया और विश्वास दिलाया कि भविष्य में भी ऐसे आयोजन किए जाते रहेंगे।

# विधायक ने सुनी मन की बात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत




प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम को सुनते हुए विधायक एवं अन्य।

विधायक निखिल मदान ने रविवार को वार्ड नं 5 के ओल्ड हाउसिंग बोर्ड चावला कालोनी में बूथ नंबर 56 पर पहुंचकर मन की बात कार्यक्रम को सुना। विधायक निखिल मदान ने बताया कि आज के संस्करण में प्रधानमंत्री मोदी ने शहीद ए आजम भगत सिंह को उनकी जयंती पर नमन किया और उनके बलिदान से प्रेरणा लेने का आह्वान किया।

भगत सिंह ने मातृभूमि को आजादी दिलाने के लिए अल्पायु में ही हंसते हंसते फांसी के फंदे को चूम लिया। विधायक ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज मन की बात कार्यक्रम में सुर कोकिला स्वर्गीय लता मंगेशकर को भी उनकी जयंती पर याद किया और भारतीय कला संस्कृति में उनके अमिट योगदान को याद किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बताया कि भारत में अब त्योहारों का उत्सव शुरू होने वाला है अगले माह दीपावली, दशहरा, छठ पूजा जैसे भारतीय संस्कृति के त्यौहार आने वाले हैं। सभी त्योहार आपस में एक दूसरे समाज को जोड़ते हैं और हम सबको हंसी खुशी मिलकर इन सब त्योहार को मनाना चाहिए। आज छठ पूजा को पूरे विश्व में पहचान मिली है जो भारतीय संस्कृति के लिए गौरवशाली क्षण है।

इस अवसर पर कार्यक्रम के आयोजक राकेश मास्टर, मंडल अध्यक्ष आरती शर्मा, निगम पार्षद सुरेंद्र मदान, ओम कंवर दहिया, अंजू दहिया, नीरज वर्मा, रण सिंह, जय प्रकाश, कंवर सिंह, सुमित, सोनिया, प्रीति शशि, सोनी, दीपक, कुलदीप वत्स आदि लोग मौजूद रहे।

# अर्बन को-ऑपरेटिव बैंक की 61वीं वार्षिक आम सभा संपन्न



**सोनीपत।** दी सोनीपत अर्बन को-ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड की 61वीं वार्षिक आम सभा रविवार को मामचंद वाटिका में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता बैंक चेयरमैन व सभापति सुरेश कुमार जैन (एडवोकेट) ने की। उन्होंने कहा कि बैंक की स्थापना 15 अगस्त 1961 को स्व. बाबू मनोहर लाल जैन (संस्थापक चेयरमैन), स्व. बाबू महावीर प्रसाद जैन (संस्थापक सरपरस्त) और 76 अन्य संस्थापक सदस्यों के संरक्षण में हुई थी। वर्तमान में बैंक की छह वातानुकूलित व कंप्यूटरीकृत शाखाएं कोर बैंकिंग प्रणाली से जुड़ी हुई हैं। चेयरमैन ने बताया कि 31 मार्च 2025 तक बैंक की हिस्सापूंजी 718.63 लाख , रिजर्व व अन्य कोष 7286.88 लाख, जमा अमानतें 30271.06 लाख , ऋण व अग्रिम 12622.73 लाख रुपये तथा शुद्ध लाभ 486.67 लाख रुपये रहा। लाभ वितरण के बाद रिजर्व लगभग 7701.45 लाख रुपये हो जाएगा। सभा में 10 प्रतिशत लाभांश देने का प्रस्ताव पारित किया गया। सभा में संध्या कुच्छल, कैलाश चन्द, अमित वर्मा, ललित कुमार जैन, पूनम जैन, नरेश कुमार जैन, राजेश चौधरी, संजय वर्मा, अनुराग मित्तल, पवन कुमार गुप्ता, अजय कुमार शर्मा, आशीष जैन, अरविन्द मित्तल, संजय कुमार अग्रवाल अनेक सदस्य मौजूद रहे।

## संगठन ने पापड़ी और एलेस्टोनिया के रोपे 18 पौधे



**गोहाना।** समाज कल्याण संगठन द्वारा रविवार को पालम खीरा, पापड़ी और एलेस्टोनिया के 18 पौधे रोपे। संगठन द्वारा यह पौधारोपण अपने गोहाना को ग्रीन सिटी बनाने के साप्ताहिक अभियान के अंतर्गत किया गया। संगठन द्वारा करीब डेढ़ दशक पहले गोहाना को ग्रीन सिटी बनाने के लिए गोद लिया गया था। उसके बाद से संगठन द्वारा सप्ताह के प्रत्येक रविवार को शहर में सार्वजनिक स्थलों पर और सडकों के किनारे फुटपाथ की खाली जगह में पौधारोपण किया जाता है। इस अभियान के तहत संगठन द्वारा अब तक हजारों की संख्या में विभिन्न किस्मों के पौधे रोपे जा चुके हैं। इसी क्रम में संगठन द्वारा रविवार को पुराने तहसील मार्ग, नगर परिषद कार्यालय परिसर और देवीलाल चौक के पास पौधारोपण किया गया। संगठन द्वारा पुराने पौधों की देखभाल में 2 पौधे सूखे हुए मिले जिनके स्थान पर नए पौधे रोपे गए। पौधारोपण में सुनील कुमार, मुकेश, बलजीत जांगड़ा, मनोज प्रजापति, मुकेश कुमार, प्रवीन कश्यप, अभिमन्यु शर्मा, डॉ. विजेंद्र और हरीश पांचाल ने अपना सहयोग दिया।

## जातों में बटेंगे तो कटेंगे, एक रहेंगे तो सेफ रहेंगे : अमित जानी

**सोनीपत।** हिंदु एक्शन फोर्स द्वारा रविवार को महलाना रोड पर एक सभा का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता हिंदु एक्शन फोर्स के जिला अध्यक्ष राजीव आर्य ने की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि हिंदु एक्शन फोर्स के संस्थापक व अध्यक्ष अमित जानी रहे, उन्होंने हिंदुओ को जागृत करते हुए कहा आज का नारा आई लव महादेव रहा, क्योंकि ये नारा समय की आवश्यकता है। जातों में बटेंगे तो कटेंगे, एक रहेंगे तो सेफ रहेंगे। इस दौरान सुभाष चंद्र आर्य, अखंड हिंदु स्वाभिमान से मनीष राई, हिंदु रक्षक सेना से मंजीत तिहाड़, जिला मंत्री विश्व हिंदू परिषद से रवि, मातृशक्ति संयोजिका पिंकी, राजेश सैनी, आजाद, रजत, संघ प्रशासन संपर्क प्रमुख सतीश जांगड़ा उपस्थित रहे।




सोनीपत। कार्यक्रम के दौरान महाराज का सम्मान करते हुए अतिथिगण साथ में फोर्स के पदाधिकारी।

# पूर्व ट्रस्ट महासचिव को पौधरोपण के साथ दी भावभीनी श्रद्धांजलि



**गोहाना।** राष्ट्रीय वैदिक परमार्थ ट्रस्ट के पूर्व महासचिव प्रेमलाल आर्य की 13वीं की रस्म परिवार द्वारा पौधारोपण के साथ मनाई गई। परिवार द्वारा विभिन्न सामाजिक संगठनों के सदस्यों के साथ स्व. प्रेमलाल आर्य की स्मृति में सेक्टर-7 गोहाना स्थित महर्षि दयानंद सरस्वती पार्क में पौधारोपण किया गया। समारोह की अध्यक्षता उनके बड़े बेटे अशोक आर्य ने की। मुख्य वक्ता आजाद हिंद देशभक्त मोर्चा के मुख्य संरक्षक आजाद सिंह दांगी ने कहा कि प्रेमलाल आर्य ने अपना सारा जीवन समाज सेवा और देश सेवा में लगा दिया। मार्केटिंग बोर्ड से एमडीओ के पद से सेवानिवृत्ति के बाद उन्होंने बेजुबान पक्षियों व बेसहारा गायों के लिए साथी रामेश्वर दास सैनी से मिलकर पानीपत रोड पर लावारिस पीड़ित गोशाला की स्थापना की। मौके पर उनके छोटे बेटे अरविंद आर्य, कौशल्या आर्य, गुलाब दूहन, सत्यवीर आर्य, धर्मपाल भनवाला, महेंद्र आर्य, दयाचंद शर्मा, जयपाल भनवाला, सुशील आर्य, पंडित विजेंद्र शर्मा, जय भगवान गुप्ता व विजय दहिया मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप



### गोशाला में लगाया गोलगप्पे का भंडारा

**गोहाना।** अखिल भारतीय अग्रवाल समाज की गोहाना इकाई द्वारा रविवार को महाराजा अग्रसेन की 5179वीं जयंती पर गांव ठसका स्थित श्री नंदलाला गोधाम गोशाला में गोलगप्पे का भंडारा लगाया गया। गोशाला में गोलगप्पे का भंडारा छोटी रानी राधारानी महारानी बनभौरी सेवा मंडल के तत्वावधान में लगाया गया। सानिध्य अखिल भारतीय अग्रवाल समाज की गोहाना इकाई के संरक्षक ओमप्रकाश जैन का रहा। संयुक्त अध्यक्षता इकाई के अध्यक्ष जयभगवान गुप्ता और महासचिव प्रवीन कुमार मित्तल ने की।

### अवैध असलहों के साथ दो युवक गिरफ्तार



**सोनीपत।** अलग-अलग थाना क्षेत्रों की पुलिस ने रविवार को अवैध असलहों के साथ दो लोगों को गिरफ्तार किया है। थाना गन्नौर की पुलिस ने अवैध हथियार के साथ उत्तर प्रदेश के जिला बागपत के गांव पाली निवासी नीरज को गिरफ्तार किया है। आरोपित के पास से एक देशी पिस्तौल और दो कारतूस बरामद हुए हैं।

### कष्ट निवारण समिति की बैठक आज

**सोनीपत।** आमजन की शिकायतों और समस्याओं के समाधान के लिए जिला परिवाद एवं कष्ट निवारण समिति की मासिक बैठक का आयोजन 29 सितंबर को को किया गया जाएगा। बैठक लघु सचिवालय के तृतीय तल स्थित कांफ्रेंस हाल में दोपहर तीन बजे शुरू होगी। उपायुक्त सुशील सारवान ने बताया कि बैठक की अध्यक्षता हरियाणा सरकार के युवा अधिकारिता एवं उद्यमिता राज्यमंत्री व जिला परिवाद एवं कष्ट निवारण समिति के अध्यक्ष गौरव गौतम करेंगे।


### भगत सिंह की 118वीं जयंती के उपलक्ष्य में राष्ट्र भ्रातृ यज्ञ समारोह का आयोजन

# देशभक्ति की भावना जगाता इंकलाब जिंदाबाद का नारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

वेद प्रचार समिति सेक्टर-23 के सहयोग से संस्था प्रधान उमेद सिंह दहिया की अध्यक्षता में शहीद भगत सिंह की 118वीं जयंती के उपलक्ष्य में राष्ट्र भ्रातृ यज्ञ समारोह का आयोजन किया गया। कपूर आर्य के ब्रह्मत्व में आयोजित इस यज्ञ में कार्यक्रम संयोजक व राष्ट्रीय कवि ऋषिपाल भदाना के साथ धर्मपाल सिंह आर्य, प्रेम सिंह, अशोक राठी आर्य, मास्टर जगबीर सिंह आर्य, कप्तान महेंद्र सिंह आर्य, सुरेंद्र सिंह आर्य आदि ने आहुतियां डालकर शहीद को नमन किया।


इस अवसर पर राष्ट्र की उन्नति के लिए पौधारोपण किया गया तथा गांव भदाना के बच्चों ने देशभक्ति आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए, जिन्हें ऋषिपाल भदाना ने सम्मानित किया।



**सोनीपत।** हवन यज्ञ में हिस्सा लेते हुए समिति पदाधिकारी, ऋषिपाल भदाना एवं अन्य। फोटो : हरिभूमि

#### अतिथियों का फूल मालाओं से किया स्वागत

*ऋषिपाल ने अपने संबोधन में कहा कि शहीद भगत सिंह मजदूर, किसान और आम आदमी के अधिकारों के लिए संघर्षरत थे और उनका इंकलाब जिंदाबाद का नारा आज भी युवाओं में देशभक्ति की भावना जगाता है। कार्यक्रम में पहुंचे अतिथियों का स्वागत संस्था प्रधान उमेद सिंह दहिया ने फूलमालाओं से किया। मंच संचालन सुरेंद्र सिंह ने किया। इस मौके पर जयपाल कुंडू आर्य, ईश्वर सिंह, संजीत आर्य, मास्टर महेंद्र सिंह आर्य, जगदीश शास्त्री, रामचंद्र आर्य, युवराज सोलंकी, जयपाल आर्य सहित अनेक गणमान्यध उपस्थित रहे।*



**सोनीपत।** कार्यक्रम के दौरान मौजूद युवा साथ में अंकित मुरथल।

#### भगत सिंह युवाओं के लिए प्रेरणा स्रोत

**सोनीपत।** शहीद-ए-आजम भगत सिंह के जन्मदिन के अवसर पर अंकित मुरथल की टीम ने उन्हें श्रद्धांजलि दी। टीम के सदस्यों ने कहा कि भगत सिंह जैसे महान क्रांतिकारी युवाओं के लिए सदैव प्रेरणा स्रोत रहेंगे। कार्यक्रम में इंकलाब जिंदाबाद के नारों लगाते हुए युवाओं ने उनके बताए रास्ते पर चलने का संकल्प लिया। अंकित मुरथल ने कहा कि देश की आजादी में भगत सिंह का योगदान अमूल्य है और आज की पीढ़ी को उनके साहस व बलिदान से सीख लेनी चाहिए। इस मौके पर टीम ने समाज में देशभक्ति और एकता का संदेश भी दिया।

#### भगत सिंह की प्रतिमा को पहनाई माला

**सोनीपत।** सेक्टर 12 में रविवार को शहीद-ए-आजम भगत सिंह की जयंती मनाई। शहीद भगत सिंह की प्रतिमा पर फूल माला पहनाकर सभी ने नमन किया। सेवा ट्रस्ट यूके इण्डिया सोनीपत के जिला अध्यक्ष सुरेश वत्स ने बताया कि महान स्वतंत्रता सेनानी भगत सिंह के अंदर छोटी सी आयु में देशभक्ति का भाव था। देश को अंग्रेजों की गुलामी से आजाद करने के लिए उन्होंने बहुत संघर्ष किया। उनके संघर्षों के कारण आज हम स्वतंत्र देश के नागरिक हैं। दिलबाग सिंह प्राध्यापक ने बताया की कम उम्र में ही भगत सिंह ने हिंदी, अंग्रेजी और पंजाबी बोलना व पढ़ना सीख गए थे। वे स्वतंत्रता सेनानियों के परिवार से थे, इसीलिये आजादी का जुनून होना स्वाभाविक था। इस अवसर पर रमेश मदान, इन्द्र सिंह दहिया, गीता, क्षितिज, अर्पित सिंह, संजू, मोनू, कुश आदि उपस्थित रहे।



**सोनीपत।** कार्यक्रम के दौरान शहीद भगत सिंह को नमन करते हुए।

# भगत सिंह ने देखा था समाजवादी समाज का सपना

### एसयूसीआई कम्युनिस्ट पार्टी ने शहीद भगत सिंह की याद में सभा का किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

शहीदे आजम भगत सिंह की 118वीं जयंती पर एसयूसीआई कम्युनिस्ट पार्टी की ओर से अशोक विहार कार्यालय में श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। अध्यक्षता पार्टी सचिव मंडल सदस्य व एआईयूटीयूसी के प्रदेश सचिव कामरेड हरि प्रकाश ने की जबकि संचालन भारत सिंह ने किया। मुख्य वक्ता राज्य कमेटी सदस्य कामरेड ईश्वर सिंह राठी ने कहा कि भगत सिंह ने मजदूर-किसानों के शासन और समाजवादी समाज का सपना देखा था, लेकिन आज देश में पूंजीपतियों की लूट से गरीबी, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार और अपराध बढ़ रहे हैं। उन्होंने आह्वान किया कि मजदूर, किसान, नौजवान और छात्र मिलकर पूंजीवादी व्यवस्था को उखाड़ समाजवादी समाज की स्थापना करें।



**सोनीपत।** सभा के दौरान एसयूसीआई के पदाधिकारी एवं सदस्यगण।

#### भगत सिंह के विचारों से लें सीख

सभा में कामरेड हरि प्रकाश ने कहा कि भगत सिंह की जयंती का सही अर्थ उनके विचारों से सीख लेकर शोषण मुक्त समाज का निर्माण करना है। कार्यक्रम में भारत ने क्रांतिकारी गीत प्रस्तुत किया और सभी ने भगत सिंह की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर महेंद्र सिंह, मास्टर नफे सिंह मलिक, रिशिपाल, अनु एडवोकेट, सेवानंद, प्रताप सिंह, सुरेंद्र छिकारा, प्रवीण कुमार आदि मौजूद रहे।

# महान स्वतंत्रता सेनानी थे भगत सिंह

### बलिदानी भगत सिंह को उनकी 118वीं जयंती पर दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

रविवार को कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं ने शहीद-ए-आजम भगत सिंह को उनकी 118वीं जयंती पर श्रद्धांजलि दी। यह समारोह पुराना बस स्टैंड गोहाना स्थित शहीद चौक में आयोजित हुआ। मुख्य वक्ता गोहाना विधानसभा के पूर्व विधायक एवं पूर्व मंत्री जगबीर सिंह मलिक ने कहा कि बलिदानी भगत सिंह भारत के महान स्वतंत्रता सेनानी एवं क्रांतिकारी थे।उनका जन्म 28 सितंबर 1907 को पंजाब में हुआ था। जलियांवाला बाग हत्याकांड से वे इतने व्यथित हुए कि उन्होंने अपनी पढ़ाई बीच में ही छोड़ दी और देश को आजाद करने के लिए नौजवान भारत सभा की स्थापना की। लाला लाजपत राय की मौत से प्रेरित होकर उन्होंने और उनके साथियों ने अंग्रेज अधिकारी सांडर्स की हत्या कर दी। जयंती समारोह की अध्यक्षता आजाद सिंह दांगी ने की।



**गोहाना।** बलिदानी भगत सिंह की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करके नमन करते हुए नागरिक।

#### प्रतिमा पर दी श्रद्धांजलि

दांगी ने कहा भगत सिंह को साहस, देश भक्ति और अन्याय के खिलाफ प्रतिशोध के प्रतीक के रूप में याद किया जाता है। उनका जीवन और बलिदान भारतीय युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत है। समारोह में सरदार सतनाम सिंह, बंसी बाल्मिकि आदि ने ने शहीद भगत की प्रतिमा पर माल्यापर्ण करके श्रद्धांजलि दी।



**सोनीपत।** शहीद भगत सिंह को नमन करते हुए संघ के पदाधिकारी एवं सदस्यगण।

#### पंजाबी गौरव संघ ने मनाई जयंती

**सोनीपत।** पंजाबी गौरव संघ सोनीपत द्वारा शहीद-ए-आजम सरदार भगत सिंह की 119वीं जयंती के अवसर पर रविवार को श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। कार्यक्रम सुबह 11 बजे श्री आनंदपुर साहिब सत्संग भवन, कुम्हार गेट में संपन्न हुआ। संघ के सदस्यों ने शहीद भगत सिंह की तस्वीर पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए और उनके बलिदान को याद किया। इस अवसर पर संघ के प्रधान सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि भगत सिंह का जीवन देशभक्ति और सामाजिक न्याय का प्रतीक है। उन्होंने युवाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि आज भी उनके आदर्शों से देशभक्ति और ईमानदारी की सीख ली जा सकती है। कार्यक्रम में उपस्थित सदस्यों ने शहीद की प्रतिमा के समक्ष एकत्रित होकर उन्हें याद किया और उनके संघर्ष को नमन किया।



**सोनीपत।** रक्तदाताओं का हौसला बढ़ाते हुए फाउंडेशन के पदाधिकारी एवं अन्य।

#### रक्तदान शिविर का किया आयोजन

**सोनीपत।** शहीद भगत सिंह की जयंती के अवसर पर जनहित अभियान फाउंडेशन की ओर से कालुपुर चुंगी पर रक्तदान शिविर व भंडारे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सिटी थाने के इंचार्ज राजू सिंधु और एसआई सुशील कुमार ने रक्तदान कर शिविर व भंडारे का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि रक्तदान महादान है और हर युवा को वर्ष में कम से कम चार बार रक्तदान करना चाहिए। फाउंडेशन के अध्यक्ष नरेंद्र हुड्डा ने बताया कि शिविर में कुल 78 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। कार्यक्रम में अंग्रेजी प्रवक्ता पूर्ण सिंह, प्रधान समित कटारिया, प्रधान बबला मलिक, अनुज जैन, रविंद हुड्डा, बादल दहिया, मनोज गुप्ता, देवेंद्र नैन, सचिन खत्री और जसवीर अंतिल सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# 88 मरीजों का नि:शुल्क जांचा स्वास्थ्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

- रोटरी क्लब ऑफ गन्नौर रॉयल की ओर से मेडिकल जांच शिविर का आयोजन

रोटरी क्लब ऑफ गन्नौर रॉयल की ओर से रविवार को नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 88 मरीजों को निशुल्क मेडिकल जांच और नि:शुल्क दवाइयां उपलब्ध करवाई गईं। शिविर का शुभारंभ वार्ड नंबर 13 से पार्षद राजेश शर्मा और प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ. श्रवण ने संयुक्त रूप से रिबन काटकर किया। शुभारंभ पर पार्षद राजेश शर्मा ने रोटरी क्लब के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि समाज के जरूरतमंद लोगों के लिए ऐसे कैंप बेहद उपयोगी साबित होते हैं। शिविर में कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. विकास शर्मा, हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. अजय शर्मा और डॉ. श्रवण ने मरीजों का स्वास्थ्य जांच की और उन्हें उचित परामर्श प्रदान किया। रोटरी क्लब ऑफ गन्नौर रॉयल के प्रधान प्रवीण मित्तल ने बताया कि क्लब द्वारा समय-समय पर इस प्रकार के सामाजिक कल्याणकारी शिविरों का आयोजन किया जाता है। प्रोजेक्ट के अध्यक्ष यश जैन और सुरेंद्र शर्मा, सदस्य नितिन जैन, अजय त्यागी, अनिल जैन, सागर बत्रा, मुकुल बंसल, अंकित गोयल और अनुज कुमार ने भी सक्रिय रूप से अपनी सेवाएं दीं।



**गन्नौर।** शिविर का शुभारम्भ करते पार्षद राजेश शर्मा व क्लब के सचिव नितिन बंसल।

# शिक्षा और संस्कारों को प्राथमिकता के साथ समाज के विकास में दें योगदान : राठी

**गन्नौर।** भोगीपुर गांव में राठी खाप की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता नगर पंचायत टिकरी (उत्तर प्रदेश) के चेयरमैन सोमपाल राठी ने की, जबकि बैठक में राष्ट्रीय प्रधान राठी खाप कृष्ण देव राठी भी पहुंचे। बैठक के दौरान समाज की मजबूती, शिक्षा को बढ़ावा देने, आपसी भाईचारे और आने वाली पीढ़ी को सामाजिक मूल्यों से जोड़ने जैसे मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की गई। राष्ट्रीय प्रधान कृष्ण देव राठी ने कहा कि राठी समाज हमेशा से समाज सुधार और एकता का प्रतीक रहा है। जयपाल राठी ने पौधे भेंट कर सभी को पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। नवीन राठी ने राठी खाप के आगमन पर अतिथियों का स्वागत किया। चेयरमैन सोमपाल राठी ने कहा कि समाज की एकता और भाईचारा सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने कहा कि यदि हम संगठित रहेंगे तो किसी भी चुनौती का सामना आसानी से किया जा सकता है। बैठक में राठी खाप मंत्री मोहन वीर सिंह राठी, महक सिंह राठी (इटावा), राजपाल राठी (इटावा), धर्मपाल राठी,सुभाष राठी,जयपाल राठी, मास्टर नरेश राठी ,अनिल राठी, वीरेंद्र राठी, मास्टर नवीन राठी, ओमप्रकाश राठी, अशोक प्रधान और नितिन राठी मौजूद रहे।



**गन्नौर।** पौधा देकर राष्ट्रीय प्रधान राठी खाप कृष्ण देव राठी का सम्मान करते हुए।

# नवरात्रि शक्ति की उपासना का पर्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राई

- विधायक कृष्णा गहलावत ने कार्यकर्ताओं के साथ सुनीं पीएम के मन की बात

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात' कार्यक्रम को राई विधायक कृष्णा गहलावत ने मुरथल में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के जिला संघचालक डा. मनोज राय के आवास पर कार्यकर्ताओं के साथ देखा। विधायक कृष्णा गहलावत ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने संबोधित करते हुए प्रदेशवासियों को नवरात्रि के पावन अवसर पर शुभकामनाएं दीं। प्रधानमंत्री ने बताया कि नवरात्रि शक्ति की उपासना का पर्व है और हम नारी शक्ति का उत्सव मनाते हैं। प्रधानमंत्री ने विशेष रूप से देश की बेटियों और महिलाओं की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए कहा है कि आज भारत की नारी शक्ति हर क्षेत्र में अपना परचम लहरा रही है। विधायक ने कहा है कि पीएम ने अपने संदेश में कहा कि भारत की बेटियां हर क्षेत्र में असाधारण योगदान दे रही हैं।



**राई।** विधायक कृष्णा गहलावत व राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के जिला संघचालक डा. मनोज राय पीएम के मन की बात कार्यक्रम देखते हुए।

#### भारत की बेटियां इतिहास रच रही

पीएम ने कहा कि भारत की बेटियां न केवल अवसरों का लाभ उठा रही हैं बल्कि कई बार ऐसे क्षेत्रों में भी इतिहास रच रही हैं, जहाँ चुनौती की कल्पना करना भी मुश्किल है। विधायक गहलावत ने कहा कि पीएम ने अपने संबोधन में भारतीय नौसेना की दो बहादुर अधिकारियों की उपलब्धि का विशेष उल्लेख किया। इस मौके पर डा. तुषार राय, डा. त्रिशला राय, डा. वीना राय, योगेश कुमार आदि गणमान्य लोग मौजूद थे।

# जैव विविधता बनाए रखने के लिए पर्यावरण संरक्षण जरूरी : मान

- हर विद्यार्थी से एक वर्ष में एक पौधा अवश्य लगाने का आह्वान किया

हरिभूमि न्यूज . गोहाना

गोहाना-खरखौदा मार्ग स्थित मान इंटरनेशनल स्कूल के एमडी एवं हरियाणा अनएडेड स्कूल एसोसिएशन की गोहाना इकाई के सचिव दीपक मान ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण हमारे वर्तमान और भविष्य की पीढ़ियों के लिए एक सुरक्षित और स्थिर जीवन सुनिश्चित करने के लिए अति आवश्यक है। पर्यावरण संरक्षण हम सबकी जिम्मेवारी है।

दीपक मान ने कहा कि संरक्षित पर्यावरण स्वस्थ हवा, पानी और मिट्टी जैसे प्राकृतिक संसाधनों को सुनिश्चित करता है, जो जीवन के लिए मूलभूत हैं। इसके अलावा यह जैव विविधता को बनाए रखता है, पारिस्थितिकी तंत्र को संतुलित करता है व जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को कम करता है। स्वच्छ पर्यावरण से ही पृथ्वी पर मनुष्य व अन्य जीवों का जीवन सुरक्षित बना रह सकता है। एमडी दीपक मान ने विद्यालय के विद्यार्थियों से आह्वान किया कि प्रत्येक विद्यार्थी वर्ष में कम से कम एक पौधा अवश्य लगाएं और पेड़ बनने तक उसकी देखभाल करें।



दीपक मान।



### देसी घी के चूरमे से मनाया बड़ौली का जन्मदिन

**गोहाना।** रविवार को भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली का 62वां जन्मदिन बरोदा विधानसभा क्षेत्र के गांव चिड़ाना में गाय के देसी घी से बने 62 किलो चूरमे से मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिला गोहाना के अध्यक्ष बिजेंद्र मलिक ने की और संयोजन भाजपा जिला गोहाना के महामंत्री महेन्द्र चिड़ाना ने किया। मोहनलाल बड़ौली ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया है। हम अर्थव्यवस्था की दृष्टि से वर्ष 2014 में विश्व में 11वें स्थान पर थे। इस अवसर पर प्रभारी डॉ. किरण कलकल, पूर्व प्रत्याशी प्रदीप सांगवान, पूर्व विधायक रामफल चिड़ाना, परमवीर सैनी, एडवोकेट संतराम वाल्मीकि, जितेन्द्र शर्मा, रमेश कश्यप, बलराम कौशिक, प्रदीप बड़वासनी, नरेंद्र गहलावत, मुकेश रोहिल्ला, जगबीर जैन, डॉ. राममेहर राठी, ओमवीर वत्स, अमित बाल्मीकि व कुलदीप कौशिक उपस्थित रहे।

कार्यक्रम | 78वां निरंकारी संत समागम की सेवाओं की शुरूआत

### 31 अक्टूबर से शुरू होगा तीन दिवसीय वार्षिक निरंकारी समागम

# अपने अंतर्मन में झांककर मन में व्याप्त कमियों का करें सुधार : माता सुदीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

हलदाना बार्डर के पास 31 अक्तुबर से तीन नवम्बर तक होने वाले तीन दिवसीय वार्षिक निरंकारी संत समागम की सेवाओं की शुरुआत सतगुरु माता सुदीक्षा महाराज एवं निरंकारी राजपिता रमित ने अपने पावन कर-कमलों से सेवा स्थल का उद्घाटन किया। इस शुभ अवसर पर मिशन की कार्यकारिणी समिति, केंद्रीय सेवादल अधिकारीगण तथा हजारों श्रद्धालु, सेवा-भाव से ओतप्रोत होकर उपस्थित रहे। सतगुरु माता सुदीक्षा महाराज एवं निरंकारी राजपिता रमित का हार्दिक अभिनन्दन संत निरंकारी मण्डल की प्रधान राजकुमारी एवं संत निरंकारी मण्डल के सचिव जोगिन्दर सुखीजाने पुष्प गुच्छ भेंट कर किया।




**गन्नौर।** सतगुरु माता सुदीक्षा महाराज, निरंकारी राजपिता रमित,मण्डल के सचिव जोगिन्दर सुखीजा सेवा का शुभारम्भ करते हुए।

#### हजारों की संख्या में भक्त रहे उपस्थित

समागम सेवा के शुभारम्भ पर हजारों की संख्यां में उपस्थित दर्शनाभिलाषी श्रद्धालु भक्तों को संबोधित करते हुए सतगुरु माता सुदीक्षा महाराज ने फरमाया कि हर एक के मन में जो उत्साह है उसकी सुंदर झलक अनुभव हो रही है। निसंदेह सत्संग सेवा करते हुए हर मन भक्तिमय हो रहा है। सभी में परमात्मा का ही रूप देखना है, किसी प्रकार का अभिमान न हो सबका सम्मान करते हुए सेवा को अपनाना है। निरंकार का सुमिरण करते हुए इस परमात्मा से जुड़े रहना है। समागम केवल समूह रूप में एकत्रित होने का नाम नही यह तो सेवा का प्रबल भाव है। हमें अपने अंतर्मन में झांककर, आत्म मंथन करते हुए यह देखना है कि हमारा जीवन वास्तविक रूप में किस दिशा मे जा रहा है। परमात्मा अंदर भी है और बाहर भी है। हमें अपने अंदर किसी प्रकार की दीवार नहीं बनानी अपितु अपने अंतर्मन में झांककर मन में व्याप्त कमियों का सुधार करना है। समागम का शीर्षक 'आत्म मंथन' है जो हमें अपने भीतर झाँकने, विचारों और कर्मों को आत्मज्ञान से शुद्ध करने की प्रेरणा देता है।

## खबर संक्षेप

### सोनम वांगचुक की रिहाई हो : शर्मा



**सोनीपत।** भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) जिला कमेटी सोनीपत के सचिव आनंद शर्मा ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर लद्दाख आंदोलन के अग्रणी नेता सोनम वांगचुक की गिरफ्तारी की कड़ी निंदा की है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के तहत उनकी नज़रबंदी भाजपा सरकार की तानाशाही प्रवृत्ति और लद्दाख के लोगों की आकांक्षाओं के प्रति उपेक्षा को दर्शाती है। शर्मा ने आरोप लगाया कि सरकार ने वादे निभाने के बजाय लोकतांत्रिक आंदोलन को कुचलने का प्रयास किया है।

### मोबाइल टावर के कैबिन में लगाई सेंध

**गोहाना।** गांव मोई हुड्डा में लगे मोबाइल टावर के केबिन में चोरों ने सेंध लगा दी। चोर केबिन की कुंडी को तोड़ कर यहां से 24 बैट्री चोरी कर ले गए। इससे साइट डाउन हो गई, जिसके बाद तकनीशियन मौके पर पहुंचा। तकनीशियन ने देखा की केबिन से पूरा एक बैट्री बैंक चोरी किया गया है, जिसमें 24 बैट्री थी। तकनीशियन ने सुपरवाइजर पानीपत के आदियाना के संदीप को इसके बारे में बताया। सुपरवाइजर की शिकायत पर सदर थाना में केस दर्ज किया गया।

### ट्रांसफार्मर से तेल और क्वाइल चोरी

**गोहाना।** गांव न्यात में किसान के खेत में लगे बिजली निगम के ट्रांसफार्मर से तेल व क्वाइल चोरी कर ली। निगम के सब अर्बन सब डिवीजन के एसडीओ सुनील की शिकायत पर सदर थाना में केस दर्ज किया गया। एसडीओ ने पुलिस बताया कि निगम द्वारा किसान जगमेंद्र के खेत में 10 केवीए का ट्रांसफार्मर लगाया है। चोरों ने ट्रांसफार्मर से तेल व क्वाइल चोरी कर ली।

### हमलावरों ने पीट पीटकर युवक को किया घायल

**खरखौदा।** गोपालपुर गांव में कई हमलावरों ने पीट पीटकर युवक को घायल कर दिया। सचिन ने बताया कि उसके परिवार की अजय के परिवार के साथ पुरानी कहासुनी चल रही है । जब वह गांव में अपने पुराने मकान को देखने के लिए गया तो अजय व उसके साथियों ने अपनी कार से उसका रास्ता रोककर अपने हाथों में लिए लकड़ी के बीटों से पीट पीटकर घायल कर दिया।

एटलस रोड क्षेत्र में पुरानी केबल बदलने व घरों से बाहर मीटर लगाने का काम पूरा

# चार घंटों तक बाधित रही बिजली आपूर्ति, लोगों को हुई परेशानी

*अधिकारियों का कहना है कि शहरभर में बिजली ढांचे को दुरुस्त करने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा*

**सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक आपूर्ति रही बंद**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

एटलस रोड क्षेत्र में सोमवार को चार घंटे तक बिजली आपूर्ति बाधित रही, जिससे स्थानीय निवासियों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। दरअसल, बिजली निगम ने क्षेत्र की पुरानी केबल बदलने और कालोनियों में घरों से बाहर मीटर लगाने का काम शुरू किया है। इसी मरम्मत कार्य के चलते सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक आपूर्ति बंद रही। अचानक कटौती से लोग परेशान नजर आए और घरेलू कामकाज प्रभावित हुआ। बिजली निगम अधिकारियों का कहना है कि शहरभर में बिजली ढांचे को दुरुस्त करने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। एटलस रोड पर पुराने केबल बदलने का काम तेजी से किया जा रहा है ताकि उपभोक्ताओं को भविष्य में सुचारू और स्थायी बिजली आपूर्ति सुनिश्चित हो सके। अधिकारियों ने बताया कि मानसून के दौरान बिजली खपत घटकर लगभग 1.20 करोड़ यूनिट प्रतिदिन रह गई थी, लेकिन बीते दिनों तापमान में वृद्धि होने से खपत 1.40 करोड़ यूनिट से अधिक पहुंच गई है।

■ अधिकारियों ने बताया कि मानसून के दौरान बिजली खपत घटकर लगभग 1.20 करोड़ यूनिट प्रतिदिन रह गई थी



### रबी सीजन की बिजाई शुरू होने के बाद कृषि क्षेत्र में भी बिजली की मांग बढ़ेगी

एसी और कूलर के बढ़ते उपयोग के चलते लोड पर दबाव बना हुआ है। साथ ही अक्टूबर के पहले सप्ताह से रबी सीजन की बिजाई शुरू होने के बाद कृषि क्षेत्र में भी बिजली की मांग बढ़ने की संभावना है। निगम का दावा है कि मरम्मत कार्य पूरा होने के बाद उपभोक्ताओं को बेहतर और निर्बाध बिजली आपूर्ति उपलब्ध होगी।

### पुराने केबल बदले जा रहे

उपभोक्ताओं को बेहतर आपूर्ति देने के लिए पुराने केबल बदले जा रहे हैं। कार्य पूरा कर आपूर्ति बहाल कर दी गई है और उपभोक्ताओं की दिक्कतें कम करने के लिए प्रयास जारी हैं।

-जीआर्र तंवर, एसई, बिजली निगम, सोनीपत

होटल में किया दुष्कर्म

# अश्लील वीडियो बनाकर किया ब्लैकमेल, ठग लिए छह लाख

## मुरथल क्षेत्र के एक होटल में हुई थी वारदात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

मुरथल क्षेत्र के एक होटल में महिला से दुष्कर्म और ब्लैकमेलिंग का सनसनीखेज मामला सामने आया है। पीड़िता ने आरोप लगाया है कि उसके परिचित ने दोस्ती का झांसा देकर न केवल उसकी अस्मिता लूटी बल्कि गुप्त रूप से अश्लील वीडियो बनाकर उसे धमकाना शुरू कर दिया। यही नहीं, आरोपित ने विश्वास में लेकर छह लाख रुपये भी ठग लिए।

■ पीड़ित महिला की शिकायत पर केस दर्ज

### दोस्ती का बहाना बनाकर ले गया होटल

पुलिस को दी शिकायत में महिला ने बताया कि उसकी पहचान सोनीपत निवासी टींकू सरोहा से हुई थी। दोनों एक साथ काम करते थे। इसी दौरान आरोपित ने विश्वास कायम किया और दोस्ती का बहाना बनाकर उसे मुरथल के एक होटल में ले गया। वहां उसने जबरन दुष्कर्म किया और गुप्त रूप से उसका वीडियो भी बना लिया। इसके बाद आरोपित लगातार महिला को ब्लैकमेल करने लगा। शिकायत में बताया गया कि आरोपित ने उधार और अन्य बहानों से समय-समय पर करीब छह लाख रुपये हड़प लिए। जब महिला ने अपने पैसे लौटाने की मांग की तो आरोपित ने धमकी दी कि वह उसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर देगा। सामाजिक बदनामी और परिवार के डर से महिला लंबे समय तक खामोश रही, लेकिन आखिरकार उसने हिम्मत कर पुलिस से संपर्क किया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि पीड़िता की शिकायत पर आरोपित के खिलाफ दुष्कर्म, ब्लैकमेलिंग और धोखाधड़ी सहित गंभीर धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। महिला का मेडिकल परीक्षण पूरा कर लिया गया है और उसके बयान मजिस्ट्रेट के सामने दर्ज कराए गए हैं।

### संदिग्ध मौत का मामला अब हत्या में तब्दील

**सोनीपत।** सेक्टर-27 थाना क्षेत्र के गांव गढ़ सहजानपुर में युवक की संदिग्ध मौत का मामला अब हत्या में तब्दील हो गया है। पुलिस ने पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर हत्या की धारा में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। रिपोर्ट में स्पष्ट हुआ है कि युवक की मौत पिटाई से हुई चोटों के कारण हुई है। पुलिस को दी शिकायत में फिरोजाबाद (उत्तर प्रदेश) के गांव पचवा निवासी चरण सिंह ने बताया कि उनका छोटा भाई रामप्रसाद पिछले पांच साल से गढ़ सहजानपुर में किराए पर रह रहा था और नर्सरियों से पौधे खरीदकर आस-पास के सेक्टरों में बेचने का काम करता था। शुक्रवार को वह साहिद के किराए के मकान में मृत पाया गया।

मार्केट न्यूज

### विश्व हृदय दिवस पर बत्रा सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल में विशाल निशुल्क हृदय रोग जांच शिविर का आयोजन



**सोनीपत।** 'विश्व हृदय दिवस' के अवसर पर बत्रा सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, (रंगोली ग्रीन) द्वारा एक विशाल निशुल्क हृदय रोग जांच शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक श्री निखिल मदान, श्री देवेंद्र कादयान, श्री राजीव जैन, भाजपा के वरिष्ठ नेता श्री ललित बत्रा तथा सिविल सर्जन सोनीपत डॉ. ज्योत्सना की उपस्थिति में हुआ। इस शिविर में कुल 115 मरीजों को निशुल्क स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की गईं, जिनमें निशुल्क परामर्श, ECG, RBS और 2D ECHO जांच शामिल थीं। शिविर में अपनी सेवाएं देने वालों में अस्पताल के निदेशक डॉ. रमेश बत्रा, हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. अंकुर बत्रा, हार्ट सर्जन डॉ. यतीन अरोड़ा (फोर्टिस हॉस्पिटल, शालीमार बाग) तथा हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. गौरव बाल (BLK मैक्स, नई दिल्ली) शामिल रहे। इस अवसर पर डॉ. रमेश बत्रा और डॉ. अंकुर बत्रा ने बताया कि आज देश में हृदय रोगों से मृत्यु दर लगभग 30% तक पहुँच चुकी है। अब हार्ट अटैक किसी उम्र का मोहताज नहीं रहा—यह बीमारी 20–25 वर्ष के युवाओं में भी देखने को मिल रही है और कई बार बिना किसी लक्षण के अचानक मृत्यु का कारण बन जाती है।

## सरपंच की शिकायत पर भाजपा नेता और चाचा के खिलाफ किया केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

गांव खेवड़ा के अनुसूचित जाति से संबंध रखने वाले सरपंच ने एक भाजपा नेता और उनके चाचा पर मारपीट, जातिसूचक शब्द कहने और गोली मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। बहालगढ़ थाना पुलिस ने मामले में एससी-एसटी एक्ट सहित अन्य धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सरपंच बहादुर सिंह ने पुलिस आयुक्त को शिकायत देकर बहालगढ़ थाना में मुकदमा दर्ज कराया है कि वह 21 सितंबर को महिला सांस्कृतिक केंद्र में मरम्मत कार्य का निरीक्षण कर रहे थे। इसी दौरान भाजपा के एक मंडल अध्यक्ष और उनके चाचा ने उन्हें अपने कार्यालय के सामने बुलाया। सरपंच के अनुसार वहां दोनों ने उन्हें जातिसूचक शब्द कहे और मारपीट की। सरपंच का आरोप है कि वह बिना पंचायत की अनुमति के कार्यों को पास करवाना चाहते थे। सरपंच ने शिकायत में लिखा है कि भाजपा नेता के चाचा खुद को जेई बताकर एमबी खुद भरने की धमकी देता था, जबकि उसे सरकार या प्रशासन ने नियुक्त नहीं किया है।

■ पुलिस ने मामले में एससी-एसटी एक्ट सहित अन्य धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है

## मनोहर लाल ने 'राष्ट्रमंदिर कामयाब संस्थान' का किया शिलान्यास

■ उपाध्याय गुप्तिसागर महराज की यह पहल भारत के भविष्य की नींव करेगी तैयार : केंद्रीय मंत्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

केंद्रीय ऊर्जा व आवास एवं शहरी विकास मंत्री मनोहर लाल ने रविवार को गन्नौर स्थित जैन तीर्थ गुप्तिधाम पहुंचकर 'राष्ट्रमंदिर कामयाब संस्थान' का शिलान्यास किया। उन्होंने उपाध्याय गुप्तिसागर महाराज का आशीर्वाद प्राप्त किया और उनकी राष्ट्र निर्माण में अहम भूमिका निभाने वाली पहल की सराहना की। केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने कहा कि उपाध्याय गुप्तिसागर गुरूदेव की यह पहल भारत के भविष्य की नींव तैयार करेगी क्योंकि यहां ऐसे प्रशासनिक अधिकारी तैयार होंगे, जिनके अंदर समाज के प्रति सेवा भाव होगा। केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने कहा कि भारतीय प्रशासनिक सेवाएं देश की एकता, अखंडता और सुशासन की गारंटी है। प्रशासनिक अधिकारी शासन-प्रशासन की रीढ़ हैं और राष्ट्र की प्रगति को सुनिश्चित करने के लिए स्टील के ढांचे की तरह मजबूती से कार्य करते हैं। उन्होंने कहा कि अधिकारियों का दायित्व केवल नीतियों का क्रियान्वयन करना ही नहीं, बल्कि पारदर्शिता, जवाबदेही और विकासोन्मुख प्रशासनिक तंत्र को सुदृढ़ बनाना भी है।



**गन्नौर।** केंद्रीय ऊर्जा व आवास एवं शहरी विकास मंत्री मनोहर लाल,प्रदेशाध्यक्ष, मोहनला, विधायक देवेन्द्र कादियान पुस्तक का विमोचन करते हुए।

### निर्माण डेढ़ साल में पूरा कर लिया जाएगा : गुप्ति सागर महाराज

उपाध्याय गुप्ति सागर महाराज ने कहा कि 'राष्ट्रमंदिर कामयाब संस्थान' में जरूरतमंद मेधावी विधार्थियों को संस्कार आधारित स्तरीय शिक्षा, आवास व भोजन निशुल्क उपलब्ध कराया जायेगा। विशेषज्ञों द्वारा भारतीय प्रशासनिक सेवा की तैयारी कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि निर्माण करीब ड़ेढ साल में पूरा कर लिया जाएगा।

### ये रहे मौजूद

समारोह को भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली, केंद्रीय हिंदू परिषद संरक्षक दिनेश, ब्रह्मचारिणी रंजना शास्त्री, गन्नौर विधायक देवेंद्र कादियान, सोनीपत विधायक निखिल मदान, सोनीपत मेयर राजीव जैन, पूर्व मंत्री कविता जैन, वरिष्ठ भाजपा नेता देवेंद्र कौशिक, भाजपा जिलाध्यक्ष अशोक भारद्वाज, गन्नौर मार्केट कमेटी के चेयरमैन निशांत छौक्कर, वाईस चेयरमैन योगेश कौशिक आदि मौजूद रहे।

### सेवा पखवाड़ा : शिविर में 99 नागरिकों ने किया रक्तदान

**गोहाना।** पुलिस आयुक्त सोनीपत ममता सिंह के मार्गदर्शन व पुलिस उपायुक्त गोहाना भारती डबास के नेतृत्व में रविवार को बरोदा थाने की भैंसवान चौकी में रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। यह शिविर सेवा पखवाड़ा अभियान के अतर्गत आयोजित हुआ जिसमें 99 नागरिकों ने रक्तदान का पुण्य बटोरा। शिविर में पुलिस कर्मियों और ग्रामीणों ने रक्तदान किया। रक्तदान शिविर भैंसवान चौकी प्रभारी सहायक उप निरीक्षक कुलदीप की टीम द्वारा आयोजित किया गया। शिविर में सहायक पुलिस आयुक्त राहुल देव, थाना बरोदा प्रबन्धक निरीक्षक धर्मबीर सिंह, थाना सदर गोहाना प्रबंधक निरीक्षक लाल सिंह और थाना मोहाना प्रबन्धक निरीक्षक मोहन सिंह सहित अन्य पुलिस अधिकारियों, कर्मचारियों और ग्रामीणों ने रक्तदान का पुण्य कमाया। लोगों ने पुलिस द्वारा आयोजित इस सामाजिक पहल की सराहना की और भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित करने की अपेक्षा जताई।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 8295154800, 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।



तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन 0130-4012310, 9253681028

# खुद को नशे से बर्बाद करने की बजाय राष्ट्र सेवा को करें समर्पित : राजीव जैन

## मेयर राजीव जैन ने दिलाई युवाओं को नशाखोरी से दूर रहने की शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत



**सोनीपत।** शहीद भगत सिंह की मूर्ति पर माल्यार्पण करते हुए मेयर राजीव जैन साथ में अन्य।

नगर निगम मेयर राजीव जैन ने कहा कि शहीद-ए-आजम भगत सिंह से युवाओं को राष्ट्र भक्ति की प्रेरणा लेनी चाहिए। युवा शक्ति में दुनियां को बदलने की ताकत विद्यमान है, किंतु इसके लिए उनकी दिशा सही होनी चाहिए। युवावस्था में ही शहीद भगत सिंह ने देश के लिए अपने प्राणों को न्योछावर कर दिया, जिसके लिए उन्हें आज भी याद किया जाता है। युवा उन्हें अपना आदर्श मानते हैं, लेकिन आज के युवाओं में भटकाव की स्थिति है। जैन रविवार भगत सिंह की जयंती पर दिल्ली कैंप में आयोजित कार्यक्रम में शिरकत करने पहुंचे थे। राजीव जैन ने जयंती समारोह में शामिल युवाओं को नशाखोरी से दूर रहने की शपथ भी दिलाई। राजीव जैन ने कहा कि राष्ट्र के नव निर्माण के लिए युवाओं को नशाखोरी से बचना होगा। हाल ही में किए गए सर्वे में हरियाणा के दस जिले शामिल किये गए हैं, जिनमें नशाखोरी पाई जाती है। इनमें जिला भी सम्मिलित है। यह हमारे लिए दुर्भाग्यपूर्ण है, किंतु युवाओं को नशे के मक्कडज़ाल से बाहर निकाला जा सकता है।

## जीवन का पहला सुख निरोगी काया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय (विवि), खानपुर कलां के एमएसएम आयुर्वेद संस्थान में रविवार को श्री बैद्यनाथ आयुर्वेद भवन प्रा. लि. (झांसी) के सहयोग से सतत चिकित्सा शिक्षा (सीएमई) एवं क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान विषय पर आयोजित अध्यक्षता आयुर्वेद संस्थान के प्राचार्य डॉ. एपी नायक ने की।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता बैधनाथ आयुर्वेदा से वरिष्ठ आयुर्वेद परामर्शदाता डॉ. शिवम माहेश्वरी ने कहा कि स्वस्थ समाज स्वस्थ राष्ट्र के निर्माण का आधार होता है। वेदों में भी पहला सुख निरोगी काया बताया गया है। आयुर्वेद संस्थान के प्राचार्य डॉ. एपी नायक ने कहा कि यह आयोजन महिला स्वास्थ्य के महत्व को रेखांकित करने एवं छात्राओं को शैक्षणिक रूप से समृद्ध करने की दिशा में एक सराहनीय कदम सिद्ध हुआ। क्विज प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार सोनिया श्योराण, द्वितीय पुरस्कार पायल तुंगल व तृतीय पुरस्कार अंजलि चौधरी ने प्राप्त किया। डॉ. नरेश कुमार ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया।



**गोहाना।** दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ करते मुख्य अतिथि डॉ. शिवम माहेश्वरी। *फोटो : हरिभूमि*

### आरडब्ल्यूए ने की बैठक विभिन्न मुद्दों पर हुई चर्चा

**सोनीपत।** टीडीआइ किंग्सबरी सिक्स ब्लॉक आरडब्ल्यूए ने रविवार को अतिक्रमण रोकने और कॉलोनी के विकास के लिए बैठक आयोजित की, जिसमें सिक्स ब्लॉक के कई निवासी शामिल हुए। बैठक में चोरी की घटनाओं, गंदे पानी की निकासी, क्षतिग्रस्त दीवारों, बेसमेंट और सीढ़ियों के नवीनीकरण पर चर्चा हुई। एफ और जी ब्लॉक की दीवारों का पुनर्निर्माण और सभी टावरों में पेंटिंग का निर्णय लिया गया। साथ ही वर्षों से खराब पड़े सीवेज और वाटर ट्रीटमेंट प्लांट को ठीक करने, बिजली सप्लाई सुधारने, लिफ्टों के आधुनिकीकरण और बालकनियों की पेंटिंग शीघ्र पूरा करने पर जोर दिया गया। सर्विस लेन के नवीनीकरण और हरित पट्टी विकसित करने का भी निर्णय लिया गया।

जिले में करवाई गई साक्षरता परीक्षा, सुबह 10 से दोपहर 3 बजे तक चली

# 10,200 देने पहुंचे परीक्षा, 551 अनुपस्थित रहे

■ निरीक्षकों की मौजूदगी में हुई परीक्षा, खंड शिक्षा अधिकारियों ने संभाली जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

निरक्षरों को साक्षर करने के लिये जिले में रविवार को महत्वपूर्ण कदम उठाया गया। विद्यालय शिक्षा निदेशालय द्वारा उल्लास कार्यक्रम के अंतर्गत जिले भर में साक्षरता परीक्षा का आयोजन किया गया।

जिले के 380 परीक्षा केंद्रों पर 10,200 निरक्षरों ने परीक्षा देकर ज्ञान की नई राह की शुरुआत की, जबकि 551 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक चली। प्रत्येक केंद्र पर निरीक्षकों की मौजूदगी सुनिश्चित की गई, जबकि खंड शिक्षा अधिकारियों ने प्रश्नपत्र और पेन की व्यवस्था की।

परीक्षा से पहले खेड़ी दहिया में परीक्षार्थियों का स्वागत कर उन्हें प्रोत्साहित किया गया। परीक्षा के बाद विद्यालय मुखियाओं और केंद्र इंचार्ज ने परिणाम रजिस्टर तैयार कर पोर्टल पर अपलोड किए। प्राचार्य और वरिष्ठ शिक्षक भी परीक्षा का निरीक्षण करने मौजूद रहे। बता दें कि केंद्र सरकार के महत्वाकांक्षी नव भारत साक्षरता कार्यक्रम-उल्लास का उद्देश्य 15 वर्ष या उससे अधिक आयु के निरक्षरों को पढ़ना, लिखना और अंक ज्ञान सिखाकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है। सफल होने पर परीक्षार्थियों को प्रमाणपत्र प्रदान किए जाएंगे।



### सरकार शिक्षा पर लगातार कार रही काम

*शिक्षा विभाग लगातार प्रयास कर रहा है कि कोई भी व्यक्ति अनपढ़ न रहे। रविवार को आयोजित मूल्यांकन परीक्षा में 10 हजार 200 निरक्षकों ने हिस्सा लिया है।*

*-राजेश दहिया, जिला उल्लास समन्वयक, सोनीपत*

### 24 हजार को साक्षर करना है लक्ष्य

जिले का लक्ष्य 24,744 निरक्षरों को साक्षर बनाना है, जिसमें अभी तक 20,000 से अधिक पंजीकरण हो चुके हैं। इस साल की पहली परीक्षा मार्च में आयोजित हुई थी, जिसमें 6,325 निरक्षकों ने भाग लिया था। कार्यक्रम ने जिले में साक्षरता बढ़ाने के प्रयासों को नई दिशा दी है।